# कार्यालय—निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

**क्रमांकः** शिविरा / माध्य / म.गां.अनु. / प्रभाग—ब / अंग्रेजी माध्यम / संविदा भर्ती / 66174 / 2022 / (E File-02332-19) **दिनांकः यथा हस्ताक्षर**

जिला शिक्षा अधिकारी—मुख्यालय,
माध्यमिक शिक्षा **(समस्त जिले)**।

**विषय :—** ''सहायक अध्यापक, लेवल—प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल—द्वितीय संविदा भर्ती, 2023'' के अन्तर्गत संविदा आधार पर नियुक्त सहायक अध्यापकों के शाला दर्पण पोर्टल पर प्रविष्टि के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :—**
1. कार्मिक (क—ग्रुप—2) विभाग की अधिसूचना सं.एफ.17(4)कार्मिक / क—2 / 2014 जयपुर, दिनांकः 11.01.2022
2. शासन का पत्रांकः प.4(15)शिक्षा—1 / अं.मा.काडर / 2022 दिनांकः 02.11.2022
3. निदेशालय का समसंख्यक दिशा—निर्देश पत्र दिनांकः 23.07.2023 व 02.08.2024

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगान्तर्गत लेख है कि निदेशालय के प्रासंगिक दिशा—निर्देश पत्र दिनांकः 23.07.2023 के द्वारा **''सहायक अध्यापक, लेवल—प्रथम व सहायक अध्यापक, लेवल—द्वितीय संविदा भर्ती, 2023''** गैर अनुसूचित क्षेत्र तथा अनुसूचित क्षेत्र के अन्तर्गत सहायक अध्यापक, लेवल—प्रथम तथा सहायक अध्यापक, लेवल—द्वितीय (अंग्रेजी / विज्ञान—गणित) के पदों पर चयनित व आवंटित अभ्यर्थियों को विभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) / राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में अध्यापक, लेवल—प्रथम व अध्यापक, लेवल—द्वितीय (अंग्रेजी / विज्ञान—गणित) के पदों पर संविदा आधार पर एक वर्ष के लिए नियुक्त किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये थे।

सहायक अध्यापक, लेवल—प्रथम तथा सहायक अध्यापक, लेवल—द्वितीय (अंग्रेजी / विज्ञान—गणित), जिनकी कार्य समीक्षा उपरान्त सेवाएं सन्तोषप्रद रही है, उनकी संविदात्मक अवधि में 01 वर्ष (सत्र 2024—25) के लिए) अभिवृद्वि किये जाने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रासंगिक आदेश दिनांक 02.08.2024 के द्वारा जारी की गई है। उक्त संविदा कार्मिकों को शाला दर्पण पोर्टल के विद्यालय लॉगिन में सहायक अध्यापक लेवल—प्रथम व सहायक अध्यापक लेवल—द्वितीय अंग्रेजी, गणित—विज्ञान हेतु विस्तृत विवरण सूचना दर्ज / प्रविष्ट करने के संबंध में आपके अधीन संचालित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) / राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में वर्तमान में कार्यरत संविदा कार्मिक को शाला दर्पण पोर्टल पर **''ENTRY OF NOT SHOWN STAFF ON PORTAL''** पर प्रविष्टि की जानी है।

उक्त के संबंध में सहायक अध्यापक लेवल—प्रथम व सहायक अध्यापक लेवल—द्वितीय अंग्रेजी, गणित—विज्ञान संविदा कार्मिकों से संबंधित व्यक्तिगत विवरण / शैक्षिक विवरण / प्रशैक्षणिक विवरण / सेवा विवरण / पता विवरण की प्रविष्टि आपके कार्यालय के द्वारा जारी आदेश / कार्मिक के मूल दस्तावेज से मिलान करते हुए किया जाना सुनिश्चित करावें।

अतः आपकों निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार प्रभावी प्रबोधन करते हुए अपने जिले में वर्तमान कार्यरत सहायक अध्यापक लेवल—प्रथम व सहायक अध्यापक लेवल—द्वितीय अंग्रेजी, गणित—विज्ञान संविदा कार्मिक की उक्त नवीन मॉड्यूल में शत प्रतिशत प्रविष्टि किये जाने का कार्य पूर्ण करते हुए सूचना इस कार्यालय का तत्काल अवगत करावें।

**नोटः— संविदा कार्मिको को पोर्टल पर प्रदर्शित करने बाबत पहचान आईडी / कार्मिक आईडी (16 डिजिट) की आवश्यकता पड़ेगी इस बाबत इन संविदा कार्मिको के आवेदन संख्या (12 अंकों की) को ATCR123456789011 की तर्ज पर उपयोग किया जायेगा। उदाहरण यदि किसी कार्मिक की आवेदन सख्या 202324252627 है तो कार्मिक की पहचान आईडी ATCR202324252627 होगी ।**

**संलग्नः**—मॉड्यूल विवरण

**(आशीष मोदी)**
**आइ.ए.एस.**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वशिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान(समसा)

**प्रतिलिपि** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप—1) विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
4. समस्त संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा/उप निदेशक (महात्मा गांधी विद्यालय), कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को **प्रभावी प्रबोधन किये जाने हेतु।**
5. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
6. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा।
7. संबंधित पीईईओ/यूसीईईओ/संस्था प्रधान/
8. रक्षित पत्रावली।


निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वशिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान(समसा)

Document certified by ASHISH MODI
<ASHISHMODI.KGP@GMAIL.COM>.

Digitally Signed by Ashish
Modi
Designation : Director
Date :12-05-2025 11:51:15

RajKaj Ref No.: 14974240

सहायक अध्यापक लेवल–प्रथम व सहायक अध्यापक लेवल–द्वितीय अंग्रेजी, गणित–विज्ञान संविदा कार्मिक का विस्तृत विवरण/मॉड्यूल प्रारूप




शाला दर्पण पोर्टल के ऑफिस लॉगिन के ऑफिस टैब पर क्लिक करे।

ऑफिस टैब के संस्थापन/ESTABLISHMENT पर क्लिक कर के ENTRY OF NOT SHOWN STAFF ON PORTAL में प्रविष्टियां संविदा कार्मिकों के मूल दस्तावेज से मिलान करते हुए की जानी है।